ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये
**प्रो॰ वेद प्रकाश**
**अध्यक्ष**
**Prof. Ved Prakash**
**Chairman**

सत्यमेव जयते

**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग**
**University Grants Commission**
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)
**बहादुरशाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002**
Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
**दूरभाष** Phone : **कार्यालय** Off : 011-23234019, 23236350
**फैक्स** Fax : 011-23239659, e-mail : cm.ugc@nic.in | web: www.ugc.ac.in

अर्द्धशासी सं. मि0 1–10/2014 (सीएम)

22 अक्टूबर, 2014

प्रिय महोदय,

**विषयः आदरणीय सरदार पटेल की जन्म तिथि (31 अक्टूबर, 2014):– एकता, सुरक्षा एवं निर्भयता के सन्देश का प्रसारण ।**

मैं यह पत्र आपको अवगत कराने के उद्देश्य से लिख रहा हूँ कि हमारा राष्ट्र आज से नौ दिनों के पश्चात माननीय सरदार बल्लभभाई पटेल की जन्म तिथि 31 अक्टूबर, 2014 को मनाने जा रहा है। संघ सरकार ने निर्णय लिया है कि 31 अक्टूबर, 2014 को **''राष्ट्रीय एकता दिवस''** के रूप में मनाया जाय। हमें सभी को सरदार पटेल द्वारा भारत की एकता, सुरक्षा एवं निरापद बनाने के प्रति किए गये योगदान की पूरी जानकारी है। इन समस्त क्षेत्रों में उनके द्वारा किये गये योगदान के प्रति आदर भाव के रूप में, एकता, सुरक्षा एवं निर्भयता का सन्देश प्रसारित करने के उद्देश्य से मेरा आपसे अनुरोध है कि 31 अक्टूबर, 2014 के दिन आप अपने प्रतिष्ठित संस्थान के परिसर में एवं अपने सह–सम्बद्ध महाविद्यालयों सहित (यदि हैं तो) विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करें। इन समारोहों के दौरान आपसे अनुरोध है कि आप **''राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ''** भी समस्त छात्रों, स्टाफ सदस्यों एवं संकाय सदस्यों को दिलायें तथा **''एकता से जुड़ी दौड़''** (Run for the Unity) आयोजित करें जिसमें आप नागरिक समाज के अन्य सदस्यों द्वारा भाग लेने को भी विचाराधीन रख सकते हैं। इस शपथ की एक प्रति जो हिन्दी तथा अंग्रेजी में है, वह सलग्न है जिसे यथा आवश्यक आप अन्य भाषाओं में अनुवादित करा सकते हैं।

इसके अतिरिक्त आप अन्य कुछ गतिविधियॉं भी आयोजित कर सकते हैं जैसे सरदार पटेल के योगदानों पर नामावलि द्वारा चर्चा, वाद–विवाद प्रतियोगितायें, राष्ट्रीय कैडिट कोर द्वारा मार्च–पास्ट, चित्रात्मक प्रदर्शनियां आदि तथा सरदार पटेल के योगदान से जुड़ा प्रलेखी चलचित्र इत्यादि का प्रसारण। मुझे दृढ़ विश्वास है कि इस अवसर पर ऐसी अन्य कई गतिविधियों के आयोजन को विचाराधीन रख सकते हैं जो कि एकता, सुरक्षा एवं निर्भयता का सन्देश प्रदान करने वाली हैं।

जहॉं एक ओर आप ऐसी गतिविधियों की सूची तैयार करें जो आपके संस्थान से सन्दर्भित विषय वस्तु से सापेक्ष हो तथा साथ ही आपको यह बात विशिष्ट रूप से ध्यान में रखनी है कि आप **''राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ'' एवं ''एकता के लिए दौड़''** को दिलाने के प्रति सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

मैं अत्यधिक प्रशंशनीय समझूँगा यदि आप अपने प्रतिष्ठित संस्थान में कार्यान्वित विभिन्न गतिविधियों का विवरण वापसी मेल द्वारा प्रेषित कर दें।

सादर,

भवदीय

(वेद प्रकाश)

संलग्नकः उपरोक्तानुसार

समस्त विश्वविद्यालयों के कुलपति (केन्द्रीय/राज्य/निजी/मानित)

## राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे स्वर्गीय सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।

*****